**कार्यालय जिलाधिकारी सोनभद्र।**

पत्रांक– 554 /भू0व्य0लि0–अनापत्ति दिनांक जून 24 , 2020

विषयः– अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में।

श्री राहुल सिंघल,
यूनिट हेड,
आदित्य बिड़ला, अल्ट्राटेक
डाला।

---

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–यूटीसीएल/डीएलसीडब्लू/2020–21 दिनांक 23जून 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा वनाधिकार अधिनियम 2006 के प्राविधानो के अन्तर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने की अपेक्षा की गयी है। इस सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जिला स्तरीय समिति द्वारा दिनांक 10.02.2017 को अनापत्ति, जिला स्तरीय समिति का कार्यवृत्त जारी किया जा चुका है।

अस्तु पुनः जिला स्तरीय समिति से उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने का औचित्य नहीं है।

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

UltraTech Cement Lim
Unit: Dalla Cement Work

Authorised Signatory

# जिला स्तरीय समिति का कार्यवृत्त

आज दिनाक 10 / 02/ 2017 को वनाधिकार अधिनियम 2006 के प्राविधानो के अन्तर्गत जिला स्तरीय समिति () की बैठक आहुत की गयी ।

उक्त समिति में डाला सीमेन्ट फैक्ट्री (जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0) द्वारा ग्राम कोटा में 465.102 हे0 ग्राम पनारी में 70.012 हे0 एवं ग्राम पडरछ में 51.064 हे0 (कुल आवेदित रकबा 586.178 हे0) परगना अगोरी , तहसील सदर, जिला सोनभद्र में आवेदित वन भुमि के हस्तानन्तरण के प्रस्ताव पर अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) वानाधिकार अधिनियम 2006 के प्राविधानो के अनुसार अनुसूचित जनजाति व अन्य परम्परागत निवासियों के अधिकार तथा उनके दावों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित ग्राम समितियों / ग्राम पचायतों एवं उप खण्ड स्तरीय द्वारा लिये गये निर्णय पर विचार किया गया।

समितियों के निर्णय के अनुसार उक्त वन भुमि पर अनुसूचित जनजाति तथा अन्य परम्परागत वन निवासियों का कोई कब्जा / पटटा नही है तथा उनके अधिकार सम्बन्धित कोई भी प्रस्ताव / दावा लम्बित नही है।

अतः समिति द्वारा ग्राम कोटा (465.102हे0), ग्राम पनारी (70.012) एव ग्राम पडरछ (51.064 हे0) कुल प्रस्तावित 586.178 हे0 वन भुमि को जय प्रकाश एसोसिएट्स लि0 द्वारा सीमेन्ट उत्पादन हेतु खनन कार्यो एव जेपी सुपर सीमेन्ट प्लान्ट की स्थापना हेतु हस्तान्तारित किये जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय पर इस समिति को कोई आपत्ति नही है। अतः यह समिति सर्वसम्मति से प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करती है।

सलग्नक :– ग्राम सभा समितियों के द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव की प्रतियॉं।

| | | |
|---|---|---|
| जिला समाज कल्याण अधिकारी<br>सोनभद्र। | प्रभागीय वनाधिकारी 10.2.17<br>ओबरा सोनभद्र। | जिलाधिकारी<br>सोनभद्र। |

जिलाधिकारी
सोनभद्र

UltraTech Cement Limi
Unit: Dalla Cement Works
Authorised Signatory

# उप खण्ड स्तरीय समिति का कार्यवृत्त

आज दिनांक 09/02/2017 को वनाधिकार अधिनियम 2006 के प्राविधानों के अन्तर्गत उप खण्ड स्तरीय समिति (Sub Divisional Level Committe)की बैठक आहूत की गयी ।

उक्त बैठक में डाला सीमेन्ट फैक्ट्री (जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड) द्वारा ग्राम कोटा में 465.102हे0, ग्राम पनारी में 70.012 हे0 एवं ग्राम पड़रछ में 51.064 हे0 (कुल आवेदित रकवा 586.178 हे0) परगना अगोरी, तहसील सदर, जिला सोनभद्र में आवेदित वन भूमि के हस्तानान्तरण के प्रस्ताव पर अधिसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) वनाधिकार अधिनियम 2006 के प्राविधानों के अनुसार अनुसूचित जनजाति व अन्य परम्परागत निवासियों के अधिकार तथा उनके दावों के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित ग्राम समितियों/ग्राम पंचायतों की बैठक में लिये गये निर्णय पर विचार किया गया ।

ग्राम समितियों के निर्णय के अनुसार उक्त वन भूमि पर अनुसूचित जनजाति तथा अन्य परम्परागत वन निवासियों का कोई कब्जा/पट्टा नहीं है तथा उनके अधिकार सम्बन्धित कोई भी प्रस्ताव/दावा लंम्बित नहीं है ।

अतः ग्राम समितियों द्वारा प्रस्तावित 586.178 हे0 वन भूमि को जयप्रकाश एसोसिएट्स लि0 द्वारा सीमेन्ट उत्पादन हेतु खनन कार्यो एवं जेपी सुपर सीमेन्ट प्लान्ट की स्थापना हेतु हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय पर इस समिति को कोई आपत्ति नहीं है अतः यह समिति सर्वसम्मति से प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुये प्रस्ताव को जो कि इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है को अग्रिम कार्यवाही हेतु जिला स्तरीय समिति को प्रेषित करती है ।

संलग्नक– ग्राम सभा समितियों के द्वारा हस्ताक्षरित प्रस्ताव की प्रतियाँ।

| | | |
|---|---|---|
| 9-2-017 | 9/2/17 | 9/2/2017 |
| सहायक विकास अधिकारी | उप प्रभागीय वनाधिकारी | उप जिलाधिकारी |
| सोनभद्र | ओबरा, सोनभद्र | सदर, सोनभद्र |
| (नाम मुहर सहित हस्ताक्षर) | (नाम मुहर सहित हस्ताक्षर) | (नाम मुहर सहित हस्ताक्षर) |

UltraTech Cement Limited
Unit Dalla Cement Works

Authorised Signatory